www.deshkiupasana.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - UPHIN/2022/86937

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

DKU LIVE
सब पर नज़र, सबकी ख़बर

वर्ष – 04 | अंक – 223 | जौनपुर शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 8 | मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब के हालात बहुत बिगड़ चुके हैं, अब ठीक करने की जरूरत : फतेह जंग बाजवा

चंडीगढ़, (एजेंसी)। चंडीगढ़ में भाजपा ऑफिस के बाहर धमाके को लेकर भाजपा नेता फतेह जंग बाजवा ने आईएएनएस से कहा कि पंजाब के हालात बहुत बिगड़ चुके हैं। भाजपा ऑफिस पर धमाका कर देश को तोड़ने वाली ताकतें चौलेंज कर रही हैं। फतेह जंग बाजवा ने कहा कि पंजाब में हत्याएं हो रही हैं, गोलियां चल रही हैं। दो पुलिस स्टेशन के बाद ग्रेनेट चलाए गए। पंजाब में हर रोज ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। केंद्र सरकार से मैं अपील करता हूं कि ऐसे माहौल को देखते हुए पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए। ये ताकतें देश को तोड़ने की बात कर रही हैं। पंजाब के हालात को ठीक करने की जरूरत है उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में कभी भी ऐसा नहीं सुना था कि यहां हत्याएं हो रही हैं। कुछ दिन पहले सेक्टर नौ में एक रियल एस्टेट एजेंट को मारा गया। पंजाब में ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। पंजाब के हालात ज्यादा खराब होने से पहले केंद्र सरकार को कोई न कोई निर्णय लेना चाहिए। एच.एस. फूलका के भाजपा में शामिल होने को लेकर फतेह जंग बाजवा ने कहा कि एच.एस फूलका भाजपा में शामिल हो गए हैं। आम आदमी पार्टी से उन्होंने मुख मोड़ लिया है। उन्होंने आप पार्टी को पंजाब में लाने के लिए बहुत संघर्ष किया। सही वक्त में उन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया। भारतीय जनता पार्टी में उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि अच्छे लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। एच.एस. फूलका का पंजाब में भी अस्तित्व है।

### नक्सलवाद और आतंकवाद को जड़ से खत्म कर देना चाहिए : वारिस पठान

मुंबई, (एजेंसी)। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सलवाद पर दिए बयान पर एआईएमआईएम नेता वारिस पठान ने कहा कि नक्सलवाद और आतंकवाद को जड़ से खत्म कर देना चाहिए। मुंबई में वारिस पठान ने कहा कि मेरी निजी राय यह है कि नक्सलवाद और आतंकवाद को जड़ से खत्म कर देना चाहिए। गुंडागर्दी को भी खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के लोग जो बेकसूर मुसलमानों को पकड़ते हैं, उन पर तरह–तरह के आरोप लगाते हैं, उन्हें पीटते हैं, उनकी लिंचिंग करते हैं। ये सारी चीजें हमारे देश से खत्म हो जानी चाहिए। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का कोई हक नहीं है। जो लोग खुद को बड़े गुंडे समझते हैं और बेकसूर लोगों की जान लेते हैं, उनका यह काम आतंकवाद और नक्सलवाद से कम कैसे है। इसे भी खत्म किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री को भी इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।वारिस पठान ने कहा कि जो लोग कानून को अपने हाथ में लेते हैं, प्रशासन की बात नहीं सुनते, ऐसी गुंडागर्दी करते हैं और बेकसूर लोगों की जान लेते हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव- भक्ति, शक्ति और समर्पण की मिसाल हनुमान जी को पीएम मोदी ने किया नमन



नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हनुमान जी के जन्मोत्सव पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने प्रार्थना की कि महाबली की कृपा से उनके सभी भक्तों में साहस और सकारात्मकता का संचार हो। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भगवान हनुमान जी भक्ति, शक्ति और अटूट समर्पण के अद्वितीय प्रतीक हैं। महाबली की कृपा से उनके सभी भक्तों में साहस और सकारात्मकता का संचार हो।" इस अवसर पर उन्होंने एक 'संस्कृत सुभाषितम्' भी शेयर किया। पीएम मोदी ने लिखा, "मनोजवं मारुततुल्यवेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतं शिरसा नमामि" 'संस्कृत सुभाषितम्' में कहा गया है, "मैं श्रीराम के दूत हनुमानजी की शरण में शीश झुकाता हूं। वे मन के समान तीव्रगामी और वायु के समान वेगवान हैं। वे जितेंद्रिय, बुद्धिमानों में अग्रगण्य, पवन पुत्र और वानर सेना के नायक हैं।" एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने प्रयागराज के प्रसिद्ध लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में दर्शन करते हुए एक तस्वीर भी शेयर की। उन्होंने लिखा, "सभी देशवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की अनंत शुभकामनाएं। यह पावन अवसर हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा और स्फूर्ति लेकर आए। मेरी कामना है कि पवन पुत्र हनुमान जी सभी को बल, बुद्धि और विद्या का भरपूर आशीर्वाद दें, जिससे देश का सामर्थ्य और बढ़े। जय बजरंगबली। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व की सभी श्रद्धालुओं और देशवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, बल, बुद्धि, विद्या के दाता, संकट मोचन श्री हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। सबके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता का वास हो, सबका मंगल व कल्याण हो, यही प्रार्थना है।" उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हनुमान जी के जन्मोत्सव पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में बदलाव, राज्यसभा की सदस्यता से पहले जेड प्लस सिक्योरिटी मिली

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्यसभा जा रहे हैं। इस कारण उनकी सुरक्षा में फेरबदल किया गया है। अब सीएम नीतीश कुमार को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में गृह विभाग ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को आदेश जारी कर दिया है। जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि उन्हें बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट–2000 के तहत सुरक्षा दी जाएगी, जो मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी जारी रहेगी। गृह विभाग की ओर से जारी पत्र में नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने का भी बताया गया है। बताया गया है कि वह राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर उच्च सदन की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस परिप्रेक्ष्य में उनकी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, जिसके बाद उन्हें जेड प्लस जैसी श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अब तक बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट–2000 के तहत सुरक्षा मिली हुई है। अब चुकी वह मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र देकर राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने वाले हैं, तो देश स्तर पर यात्राओं और संवेदनशीलता के मद्देनजर उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। इसके लिए वह संभवतः 8 या 9 अप्रैल को दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सूत्रों के अनुसार, नीतीश कुमार अपनी राज्यसभा सदस्यता की शपथ 10 अप्रैल को ग्रहण करेंगे। इसके लिए नीतीश कुमार 8 या 9 अप्रैल को दिल्ली जाएंगे। बता दें कि शपथ ग्रहण के बाद नीतीश कुमार अपने मुख्यमंत्री पद से 13 अप्रैल के बाद इस्तीफा दे सकते हैं।

## सीएम धामी ने निकाय कर्मचारियों का बढ़ाया हौसला

उत्तराखंड, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित आभार रैली में प्रतिभाग किया। उन्होंने कर्मचारियों द्वारा व्यक्त किए गए सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश की देवतुल्य जनता को समर्पित बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास में कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और नगर निकाय कर्मचारियों की जिम्मेदारी विशेष रूप से अहम है। उन्होंने कहा कि निकाय कर्मियों के अथक प्रयासों से ही शहरों और कस्बों में स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित होती हैं। उन्होंने कोविड–19 महामारी के दौरान कर्मचारियों द्वारा निभाई गई जिम्मेदारी और सेवा भाव को सराहते हुए इसे मानवता की उत्कृष्ट मिसाल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आस्था, संस्कृति और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है, यहां नगर निकायों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, विशेषकर चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा और कुंभ जैसे आयोजनों के दौरान। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और चरणबद्ध तरीके से सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निकाय कर्मचारियों एवं पर्यावरण मित्रों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।



## 15 दिनों तक बंगाल में रहकर संभालूंगा चुनावी कमान : अमित शाह



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से ठीक पहले राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। चुनाव में सत्तारूढ़ टीएमसी और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच सीधे टक्कर देखने को मिली रही है। इसी क्रम में शुभेंदु अधिकारी के नामांकन में नंदीग्राम पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ललकारते हुए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने घोषणा की कि वह आगामी 15 दिनों तक लगातार पश्चिम बंगाल में ही रहकर चुनावी कमान संभालेंगे।गुरुवार को अमित शाह कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बंगाल चुनाव में 15 दिन तक बंगाल में ही रहने वाला हूं। मैं यहां खासतौर पर शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। शुभेंदु की जीत बंगाल में परिवर्तन की नींव रखेगी।अमित शाह ने ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पिछली बार दीदी नंदीग्राम में हार गई थीं और इस बार वह भवानीपुर के साथ–साथ पूरे बंगाल को खो देंगी। उन्होंने कहा कि शुभेंदु अधिकारी का नामांकन बंगाल में टीएमसी के पतन की शुरुआत है। शाह ने जोर देकर कहा कि नंदीग्राम की जनता इस बार फिर से इतिहास दोहराएगी और ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मैंने पूरे बंगाल का दौरा किया है और जहां भी जाता हूं, वहां एक ही आवाज गूंज रही है– ममता बनर्जी को बाय–बाय कर दो। चुनाव से पहले ही बंगाल का दौरा करें, जहां भी जाएं, हर जगह यही आवाज सुनाई दे रही है कि सरकार को विदा कर दो और ममता बनर्जी को बाय–बाय कह दो।गृह मंत्री ने बंगाल की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी की टोलबाजी और गुंडागर्दी से पूरी तरह त्रस्त है। आए दिन हो रहे बम धमाकों और बेरोजगारी से युवा परेशान हैं। राज्य में आए दिन होने वाले बम धमाकों ने सुरक्षा व्यवस्था को तार–तार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने घुसपैठियों को संरक्षण दिया है, जिससे राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। शाह ने युवाओं से वादा किया कि भाजपा सरकार आने पर बेरोजगारी को खत्म किया जाएगा ।

## रेखा गुप्ता सरकार का 70 लाख पौधे लगाने का मेगा प्लान

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने हरित कार्य योजना 2026–27 के तहत 22 विभागों के सहयोग से 70 लाख से अधिक पेड़–पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। सिरसा ने एक्स पर कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, हरित कार्य योजना 2026–27 के तहत 22 विभागों के सहयोग से 70 लाख से अधिक पेड़–पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली के भविष्य को स्वच्छ, स्वस्थ और हरा–भरा बनाने की प्रतिबद्धता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण पर केंद्रित होने के बजाय दिल्ली के भविष्य को स्वच्छ, स्वस्थ और हरा–भरा बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सिरसा ने कहा कि हमारी सरकार केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली की हरियाली को तेजी से बढ़ाने के लिए काम कर रही है। दिल्ली को हरा–भरा बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित है और इसका उद्देश्य बहुस्तरीय वृक्षारोपण के माध्यम से प्रदूषण से लड़ना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि राजधानी का हरित आवरण पिछले वर्ष के स्तर से अधिक बढ़े। इससे पहले, 23 मार्च को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली को महज एक नारा नहीं बल्कि सरकार का स्पष्ट दृष्टिकोण बताया, जिसका उद्देश्य एक सकारात्मक, सुरक्षित और समृद्ध वातावरण बनाना है जहाँ जनता सुख और संतुष्टि के साथ जीवन व्यतीत कर सके। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष सरकार ने दिल्ली की दिशा बदलने के लिए काम किया और अब इस बजट के माध्यम से राजधानी की स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। दिल्ली की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गुप्ता ने कहा कि सरकार उनके आशीर्वाद और विश्वास के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जनता की चौबीसों घंटे सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है और दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए प्रतिदिन काम करती रहेगी।



## भारतीय एयरपोर्ट अब विश्व स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रतीक : राम मोहन नायडू

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के 31वें स्थापना दिवस पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने एएआई की उपलब्धियों की सराहना की और पीएम मोदी के 'उड़ान' विजन को देश के दूरस्थ इलाकों में हवाई संपर्क का आधार बताया। राम मोहन नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, "एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के 31वें सालाना जलसे में शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हुई। एएआई पीएम मोदी जी के 'उड़ान' विजन की रीढ़ की हड्डी की तरह काम कर रहा है, जो देश के विशाल और अलग–अलग इलाकों में हवाई सफर को आम लोगों के लिए आसान बना रहा है।" मंत्री ने कहा कि आज भारतीय एयरपोर्ट न केवल विश्व स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर और इनोवेशन का प्रतीक बन गए हैं, बल्कि उनमें भारतीय विरासत और संस्कृति की गहरी छाप भी दिखाई देती है। उन्होंने इसे 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने एएआई की यात्री–केंद्रित कई पहलों की तारीफ की, जिनमें 'उड़ान यात्री कैफे', 'फ्लाईब्ररी', मुफ्त वाई–फाई, और बच्चों के लिए विशेष जोन शामिल हैं। इन पहलों ने देशभर में हवाई यात्रा के अनुभव को काफी बेहतर और आधुनिक बना दिया है। राम मोहन नायडू ने एएआई के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, "एएआई के कर्मचारियों ने एक विश्व स्तरीय एयरपोर्ट डेवलपर और ऑपरेटर बनने के विजन को साकार करके दिखाया है।



## आप कार्यकर्ताओं पर हो रही सुनियोजित कार्यवाही : केजरीवाल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ "सुनियोजित कार्रवाई" किये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पटेल के साथ बैठक का अनुरोध किया। केजरीवाल ने पत्र में गुजरात में पिछले तीन महीनों में दर्ज 145 प्राथमिकी और 160 से अधिक गिरफ्तारियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है। उन्होंने लिखा, "लोगों को 'आप' के रूप में पहली बार एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प मिला है। लोग जानते हैं कि आम आदमी पार्टी पढ़े–लिखे, बेखौफ, ईमानदार और देशभक्त व्यक्तियों की पार्टी है, जो भाजपा से कभी समझौता नहीं करेगी।" केजरीवाल ने कहा, "यही कारण है कि हाल के वर्षों में गुजरात में 'आप' की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है और अब बड़े पैमाने पर चर्चा है कि राज्य में भाजपा सत्ता से बाहर होने वाली है और आम आदमी पार्टी की सरकार बनने वाली है।" उन्होंने भाजपा पर 'आप' के ज्यादातर नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके पार्टी को कमजोर करने तथा उसका "अस्तित्व मिटाने" की साजिश रचने का आरोप लगाया। 'आप' प्रमुख ने कहा, "इस साजिश के तहत भाजपा सरकार के आदेश पर अकेले पिछले तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ 145 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और 160 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।" उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में राज्य में 'आप' के 10,000 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने की योजना है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी 'आप' नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों का दौरा कर रहे हैं तथा उन्हें गुजरात न छोड़ने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे।

## सूरत में 1-2 मई को वाइब्रेंट गुजरात कॉन्फ्रेंस, निवेश और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

सूरत, (एजेंसी)। वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस (वीजीआरसी) का आयोजन 1 और 2 मई को सूरत में होगा। यह कार्यक्रम गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर हो रहा है और शविकसित भारत– 2047 के विजन के अनुरूप है। अधिकारियों के अनुसार, यह कॉन्फ्रेंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य निवेश आकर्षित करके और स्थानीय उद्योगों को वैश्विक बाजारों से जोड़कर दक्षिण और मध्य गुजरात में क्षेत्रीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ष्इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक निवेश आकर्षित करना और स्थानीय उद्योगों को वैश्विक बाजार से जोड़ना है, ताकि विकसित भारत– 2047 के विजन को साकार किया जा सके। बयान में यह भी कहा गया कि यह आयोजन राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने की उम्मीद है। यह दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस 16 जिलों को कवर करेगी, जिनमें दक्षिण गुजरात के भरूच, डांग, नवसारी, सूरत, तापी और वलसाडय तथा मध्य गुजरात के अहमदाबाद, आणंद, छोटा उदेपुर, दाहोद, गांधीनगर, खेड़ा, महिसागर, नर्मदा, पंचमहाल और वडोदरा शामिल हैं।अधिकारियों ने कहा कि यह मंच क्षेत्रीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करने से कहीं आगे बढ़घ्कर नवाचार को बढ़ावा देने और रणनीतिक निवेश को सुविधाजनक बनाने का काम करेगा। इस आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों पर केंद्रित सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, जिनमें रसायन और पेट्रोकेमिकल्स, वस्त्र, रत्न और आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, हरित ऊर्जा इकोसिस्टम और सूचना प्रौद्योगिकी पर विशेष जोर दिया जाएगा। बयान में कहा गया है, षविभिन्न क्षेत्र–विशिष्ट सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, जिनमें रसायन और पेट्रोकेमिकल्स, वस्त्र, रत्न और आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, हरित ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र और आईटी जैसे उभरते क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा।



# संपादकीय

## अतार्किक एवं दुर्भावना से प्रेरित

जिस दौर में ये शिकायत पहले से है कि कुछ कानूनी एवं अन्य विवादित मसलों का इस्तेमाल व्यापार एवं विदेश नीति में भारत सरकार को झुकाने के लिए किया गया है, ताजा रिपोर्ट डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का एक और हथियार बन सकती है। अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) वैसे तो पिछले कई वर्ष भारत को शविशेष चिंता की श्रेणी वाले देशोंय की सूची में डालने की सिफारिश करता रहा है, लेकिन इस वर्ष वह कुछ ज्यादा आगे बढ़ गया है। उसने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ–साथ भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर भी प्रतिबंध लगाने की सिपारिश कर दी है। अनुमान लगाया जा सकता है कि पहले की तरह ही इस वर्ष भी अमेरिका सरकार इस सिफारिश को नजरअंदाज कर देगी। इसके बावजूद भारत को अमेरिका में उभरे ऐसे रुझानों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसलिए कि अमेरिका में प्रशासन चाहे किसी पार्टी का हो, ऐसी रिपोर्टों का इस्तेमाल वह अपने रणनीतिक एवं अन्य हितों को साधने के लिए करता है। धार्मिक स्वतंत्रता, लोकतंत्र, मानव अधिकार आदि जैसे ऊंचे आदर्श अमेरिका के लिए डंडे की तरह हैं, जिनका उपयोग वह अपने मन–माफिक ना चलने वाले देशों पर दबाव बनाने के लिए करता आया है। इस रूप में यूएससीआईआरएफ जैसी उसकी संस्थाएं एक ऐसा हथकंडा हैं, जो दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल के लिए अपनी सरकार को उसूल का आवरण प्रदान करती हैं। जिस दौर में ये शिकायत पहले से है कि कुछ कानूनी एवं अन्य विवादित मसलों का इस्तेमाल व्यापार एवं विदेश नीति में भारत सरकार को झुकाने के लिए किया गया है, ताजा रिपोर्ट डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन का एक और हथियार बन सकती है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह–ग्रस्त और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है, मगर यह विरोध की रस्म–अदायगी भर है। भारतीय हितों के लिहाज से रॉ को विवाद में लाने के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इसलिए इस बारे में भारत को अमेरिका के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराना चाहिए। यह कहने का तात्पर्य ये नहीं है कि जिन संगठनों को यूएससीआईआरएफ को निशाना बनाया है, उसके साथ कोई समस्या नहीं है। मगर जो भी है, वह भारत के अंदर की बात है। वह भारत सरकार के सामने मौजूद मुद्दा है। इसका समाधान यहीं निकलेगा। अतरू अमेरिकी संस्थाओं का भारत पर प्रतिबंध की बात करना अतार्किक एवं दुर्भावना से प्रेरित माना जाएगा।

# बिहार आइडिया ऑफ लोहिया की प्रयोगशाला

हरिशंकर व्यास

आधुनिक समय में श्देशजत्र हिंदू राजनीति के तीन प्रयोगधर्मी (विचारक?) हुए– गांधी, सावरकर और लोहिया। इन तीनों ने वे सूत्र, वे प्रयोग दिए, जिससे हिंदुओं को भक्ति की तीन नई मूर्तियाँ मिलीं। 1947 के बाद गांधी के नेहरू ने अपने प्रयोग किए। नेहरूवादी पैदा हुए। वही सावरकर के भक्तों ने हवा में लाठी घुमाते हुए भय, भक्ति, भूख की भीड़ बनाना शुरू किया। एक तरफ नेहरूवादी, दूसरी तरफ हिंदुवादी (धर्मनिरपेक्ष बनाम सांप्रदायिक)।


और फिर इन दो धुरियों के बीच अचानक लड़ाकू तेवर के साथ डॉ. राममनोहर लोहिया उभरे। उनके जमीनी सूत्रों–नारों ने समाज में ऐसी हलचल बनाई, जिसके आगे गांधीवादी निरुत्तर थे तो हिंदुवादी भी मात्र हवा में लाठी भांजते थे। लोहिया के ही जुमलों ने वह मंडल–कमंडल बनाया कि समाज छिन्न–भिन्न हुआ। बुद्धि, विवेक सब छोड़ लोग पहचान (जाति, उपजाति, खाप) की भीड़ में कनवर्ट होने लगे। और अंत परिणाम? लोहियावादी भी वैसे ही बेमतलब है जैसे नेहरूवादी, गांधीवादी, मार्क्सवादी, माओवादी आदि भक्त समूहों का विसर्जन है। सवाल है तब 140 करोड़ लोगों का मालिक कौन? सावरकर के वे हिंदुवादी जो लाठी भांजने, हांकने की सौ वर्षों से ट्रेनिंग लेते–लेते डफरों के विश्वगुरू हैं। निश्चित ही इस ट्रेनिंग का प्रतीकमान चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी, जिन्होंने फरवरी 2026 में नई दिल्ली के भारत मंडपम से दुनिया को आह्वान किया कि स्वागत है आप द्वारा बनाई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (सौ प्रतिशत अमेरिका या उनकी कंपनियों की मौलिक बुद्धि से निर्मित उत्पाद) का। भारत इसमें अपना भाग्य मानता है। और इस कॉलम को लिखते हुए खबर है कि अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत को 30 दिन की छूट दी। और अमेरिका की अनुमति प्राप्त हुई नहीं कि भक्त भीड़ का सोशल मीडिया श्अमेरिका से अनुमतिय की वाह करते हुए है। मैं तभी ऐसी घड़ी में लोहिया और लोहिया के लोगों की स्मृति में नीतीश कुमार पर सोच रहा हूं। किस मनोदशा के पर्याय हैं नीतीश कुमार? इसलिए क्योंकि लोहिया की देशज राजनीति, जुमलों (या क्रांति) की प्रयोगशाला रहा है बिहार। लोहिया के मंडल चेहरे हों या भगवा चेहरे (सावरकर की सेंट्रल हॉल में तस्वीर के निर्णय के साझेदार जॉर्ज फर्नांडिस से हुकुमदेव नारायण यादव तक), सभी की यानी तमाम तरह के समाजवादियों की कर्मभूमि बिहार रही है। बिहार में कांग्रेस का शासन मुश्किल से चालीस वर्ष रहा। बाकी समय बिहार आइडिया ऑफ लोहिया की प्रयोगशाला रहा। कर्पूरी ठाकुर 1967 में मुख्यमंत्री बने थे। मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडिस से लेकर मंडल रिपोर्ट लिखने वाले बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल यहीं चुनाव जीतते रहे हैं। तभी सवाल है कि मंडल रिपोर्ट को लागू कराने की अधिसूचना जारी करवाने वाले शरद यादव, रामविलास पासवान हों या बिहार में 35 वर्षों से उसे लागू कराते लालू यादव, राबड़ी देवी तथा नीतीश कुमार के चेहरों से बिहार कैसा रचा है? ध्यान रहे नीतीश राज ही कोई बीस साल पुराना है। और लोहियावाद की इतनी लंबी देशज राजनीति के आइडिया की कुल बिहार प्राप्ति, उत्पादकता क्या है? एक वाक्य में जवाब है, खंडहर और मजदूर! तभी नीतीश कुमार की रिटायरी के साथ अब दिखलाई दे रहा है कि बिहार हर तरह से लाठीधारी डफर जमात का सुरक्षित गढ़ हो गया है।

जबकि इस भूमि से, लोहियावादी विरासत की क्या उम्मीद होनी चाहिए थी? लोग कैसे तैयार होने थे? स्वाभिमानी, स्वदेशी, लड़ाकू–खुराफाती। मगर लोहियावादी बिहार में अब वह आबोहवा है, वह खंडहर है जो पिछले तीस वर्षों से जॉर्ज फर्नांडिस से लेकर नीतीश कुमार के मुंह से कभी भी कहने को भी, स्वदेशी, विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार (याद करें कभी जॉर्ज फर्नांडिस ने देसाई सरकार में कोका–कोला, आईबीएम कंपनियों को भारत से खदेड़ा था) के जुमले नहीं सुने गए! उलटे हुआ क्या? पुराने नामी रहे विश्वविद्यालय भी चौपट हुए। नालंदा की नकल और जुगाड़ जैसी शिक्षा व्यवस्था बनी। सो, बुद्धि चौपट और स्वाभिमानी आबादी का भक्ति तथा मजदूर भीड़ में कनवर्ट होना। इसलिए सोचें, नीतीश कुमार और लोहियावादी चेहरों पर तो गांधी, सावरकर, लोहिया के भारत के ऐसे हस्र पर भी!

# होर्मुज संकट से बेहाल दुनिया को चीन की ऊर्जा नीति से सीख लेनी चाहिए

नीरज

वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच एक सख्त सच्चाई उभर कर सामने आ रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे ने पूरी दुनिया की सांसें रोक दी हैं, लेकिन इस उथल पुथल के बीच चीन एक अलग ही खेल खेलता नजर आ रहा है। जहां एशिया के कई देश ऊर्जा बचाने की अपील कर रहे हैं, वहीं चीन आत्मविश्वास से भरा हुआ है और दावा कर रहा है कि उसके पास ऊर्जा का पर्याप्त रणनीतिक भंडार है। दरअसल, यह आत्मविश्वास यूं ही नहीं आया। चीन ने पिछले कई वर्षों में एक ऐसी रणनीति तैयार की है जिसने उसे वैश्विक तेल आपूर्ति के झटकों से काफी हद तक सुरक्षित बना दिया है। जब दुनिया तेल के लिए समुद्री मार्गों पर निर्भर है, चीन ने अपनी निर्भरता को योजनाबद्ध तरीके से कम किया है। सबसे बड़ा बदलाव चीन के इलेक्ट्रिक वाहन अभियान में दिखता है। जहां 2020 में लक्ष्य रखा गया था कि 2025 तक नए वाहनों में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की होगी, वहीं यह आंकड़ा अपेक्षा से कहीं आगे निकल गया और आधे से ज्यादा नई गाड़ियां इलेक्ट्रिक हो गईं। इसका सीधा असर यह हुआ कि चीन की तेल खपत अब स्थिर होने लगी है। आंकड़े बताते हैं कि केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के कारण जितना तेल बचा है, वह लगभग उतना ही है जितना चीन सऊदी अरब से आयात करता था। यह बदलाव मामूली नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा भू राजनीति की दिशा बदलने वाला संकेत है। चीन की दूसरी सबसे बडी ताकत उसका विविधीकृत आयात तंत्र है। जहां जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश एक या दो आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर हैं, वहीं चीन ने अपने तेल स्रोतों को आठ से ज्यादा देशों में फैला रखा है। रूस, ईरान, वेनेजुएला जैसे देशों से सस्ता तेल लेकर उसने पश्चिमी प्रतिबंधों को भी अपने हित में बदल लिया है। रणनीतिक दृष्टि से यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है। इसका मतलब है कि यदि किसी एक क्षेत्र में संकट आता है, तो चीन पूरी तरह ठप नहीं होगा। तीसरा और सबसे खतरनाक दांव है चीन का विशाल तेल भंडार। अनुमान है कि उसके पास इतना तेल जमा है कि वह होर्मुज मार्ग बंद होने की स्थिति में करीब सात महीने तक अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है। यह भंडारण केवल आर्थिक सुरक्षा नहीं बल्कि सामरिक हथियार भी है। देखा जाये तो ऊर्जा सुरक्षा के इस खेल में चीन ने केवल तेल पर ही भरोसा नहीं किया है। उसकी बिजली व्यवस्था लगभग आत्मनिर्भर हो चुकी है। कोयले और तेजी से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा के दम पर चीन ने अपने ग्रिड को बाहरी निर्भरता से लगभग मुक्त कर लिया है। इसके साथ ही सौर और



पवन ऊर्जा का विस्फोटक विस्तार इस बात का संकेत है कि चीन भविष्य की ऊर्जा लड़ाई के लिए पहले ही तैयार है। इसका सीधा असर यह हुआ है कि उसे कम एलएनजी आयात करना पड रहा है और तटीय इलाकों की निर्भरता भी घट रही है। गैस के मामले में भी चीन ने चालाकी दिखाई है। पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए उसने रूस, मध्य एशिया और म्यांमार से सीधी आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। इससे समुद्री मार्गों पर निर्भरता और कम हो गई है। सामरिक नजरिए से देखें तो यह पूरी रणनीति एक गहरी सोच का परिणाम है। चीन ने समझ लिया था कि भविष्य की जंग केवल हथियारों से नहीं बल्कि ऊर्जा पर नियंत्रण से जीती जाएगी। आज जब होर्मुज जलडमरूमध्य पर खतरा मंडरा रहा है, तब भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश चिंता में डूबे हुए हैं। लेकिन चीन इस संकट को अवसर में बदलने की स्थिति में है। सबसे बड़ी बात यह है कि चीन की तेल मांग अब चरम पर पहुंचकर घटने की ओर बढ़ रही है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में उसकी आयात निर्भरता और कम होगी, जिससे वैश्विक बाजार में उसकी स्थिति और मजबूत होगी। बहरहाल, यह पूरा घटनाक्रम एक साफ संदेश देता है। जो देश समय रहते अपनी ऊर्जा रणनीति नहीं बदलेंगे, वे आने वाले संकटों में बुरी तरह फंस सकते हैं। चीन ने यह साबित कर दिया है कि दीर्घकालिक योजना, आक्रामक निवेश और रणनीतिक विविधीकरण के दम पर किसी भी वैश्विक संकट को मात दी जा सकती है। अब सवाल यह है कि क्या बाकी दुनिया इस सबक को समझेगी या फिर अगला संकट उन्हें पूरी तरह झकझोर देगा।

# बुजुर्गों के भरण–पोषण के लिये एक सराहनीय पहल



ललित

भारतीय संस्कृति में माता–पिता को देवतुल्य माना गया है– "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव" केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन–पोषण करने वाले माता–पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े। दुर्भाग्य से यह आज के समय की कठोर वास्तविकता बनती जा रही है। बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा–पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी–ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता–पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में आता है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित "तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता–पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026" एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि बच्चे अपने माता–पिता की देखभाल नहीं करते, तो उनके वेतन से एक निश्चित राशि काटकर माता–पिता को दी जाए। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ–साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है। हालांकि भारत में पहले से "माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007" मौजूद है, लेकिन तेलंगाना का यह नया विधेयक अधिक व्यापक, संवेदनात्मक और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें प्रावधान है कि यदि बच्चे माता–पिता की देखभाल नहीं करते, तो शिकायत मिलने पर उनके वेतन से पंद्रह प्रतिशत या दस हजार रुपये (जो भी कम हो) काटकर माता–पिता के खाते में जमा किए जाएंगे। शिकायत का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा साठ दिनों के भीतर किया जाएगा और इसके लिए वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन भी किया जाएगा। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता–पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता–पिता भी शिकायत कर सकते हैं। यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। करियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता–पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता–पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? आदर्श स्थिति में तो संस्कार ही पर्याप्त होने चाहिए। भारतीय इतिहास और परंपरा में माता–पिता की सेवा के अनेक प्रेरक उदाहरण मिलते हैं। श्रवण कुमार का उदाहरण तो भारतीय संस्कृति में आदर्श पुत्र का प्रतीक बन चुका है, जिसने अपने अंधे माता–पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई। इसी प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल धार्मिक कथाएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक संरचना के आदर्श हैं। इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक व्यक्तित्वों के जीवन में भी माता–पिता के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि माता–पिता के प्रति सम्मान और सेवा भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। लेकिन आज जब संस्कार कमजोर हो रहे हैं, तब समाज को कानून का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इस पूरे विषय को केवल एकतरफा दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता–पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता–पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता–पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता–पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है और पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल कानून नहीं है, बल्कि परिवार के भीतर संतुलन, संवाद और समझ भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि माता–पिता ने उनके लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, इसलिए बुढ़ापे में उनकी सेवा और सम्मान उनका नैतिक कर्तव्य है। वहीं माता–पिता को भी यह समझना चाहिए कि समय बदल गया है, नई पीढ़ी की जीवनशैली और सोच अलग है, इसलिए उन्हें बच्चों को समझने और उन्हें स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है। वास्तव में परिवार एक संस्था है, जो प्रेम, त्याग, सम्मान और संवाद पर चलती है, न कि केवल अधिकार और अनुशासन पर। जहां केवल अधिकार होंगे, वहां टकराव होगाय जहां केवल त्याग होगा, वहां असंतुलन होगाय लेकिन जहां प्रेम और संतुलन होगा, वहां परिवार मजबूत होगा। तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता–पिता का भरण–पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। स्कूलों में, सामाजिक संस्थाओं में और धार्मिक संगठनों में परिवार और बुजुर्गों के सम्मान की शिक्षा दी जानी चाहिए। आज "नया भारत" और "विकसित भारत" की बात की जा रही है, लेकिन केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है। यदि समाज में बुजुर्ग असुरक्षित, उपेक्षित और अपमानित होंगे, तो विकास अधूरा रहेगा। वास्तविक विकास वही है जिसमें समाज का हर वर्ग–बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें। अतः आवश्यक है कि हम तीन स्तरों पर कार्य करें–पहला, सरकार और कानून बुजुर्गों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। दूसरा, समाज में माता–पिता के सम्मान और सेवा के संस्कार विकसित किए जाएं। तीसरा, परिवार के भीतर माता–पिता और बच्चों के बीच संतुलित और संवादपूर्ण संबंध स्थापित किए जाएं। यदि ये तीनों स्तर मजबूत हो जाएं।

# भारत के लिए एक कठिन परीक्षा की घड़ी

अजीत द्विवेदी

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले में भारत पक्षकार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युद्ध शुरू होने से दो दिन पहले जरूर इजराइल की यात्रा पर गए थे। लेकिन भारत इस सैन्य अभियान का हिस्सा नहीं है। इसके बावजूद इस युद्ध का बड़ा असर भारत के ऊपर होगा। भारत की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा दोनों पर व्यापक असर होगा तो साथ ही खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों और पेशेवरों द्वारा भेजे जाने वाले रेमिटेंसेज यानी उनके पैसे पर भी असर होगा। इसके अलावा भारत की कूटनीति और सामरिक नीति भी प्रभावित होगी। सवाल है कि क्या भारत इस युद्ध की संभावना को देख रहा था और उसके असर से निपटने की कोई तैयारी हुई थी? दोनों का जवाब नकारात्मक है। अगर भारत युद्ध की वास्तविक संभावना देख रहा होता तो प्रधानमंत्री मोदी इजराइल की यात्रा पर नहीं जाते। जब युद्ध की संभावना नहीं दिख रही थी तो जाहिर है कोई तैयारी भी नहीं होगी। ध्यान रहे भारत किसी सैन्य गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इजराइल के साथ साथ ईरान से भी पारंपरिक रूप से भारत के संबंध अच्छे रहे हैं। इसलिए भारत के लिए यह एक कठिन परीक्षा की घड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की है। ईरान द्वारा सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर किए जा रहे हमले को लेकर भी भारत ने चिंता जताई है और इसकी आलोचना की है। लेकिन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत पर भारत की चुप्पी से इसकी रणनीतिक स्वायत्तता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है। रूस और यूक्रेन युद्ध में उन्होंने कई बार यह बात कही है। लेकिन इजराइल और अमेरिका के हमले में भारत यह बात नहीं कह रहा है। यह भी रणनीतिक स्वायत्तता के भारत के दावे पर सवाल खड़े करता है। बहरहाल, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के असर को समझना हो तो सबसे पहले भारत की ऊर्जा सुरक्षा के नजरिए से इसे देखना होगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 81 फीसदी हिस्सा आयात करता है। पश्चिम एशिया इस आयात का प्रमुख स्रोत है। अगर ईरान होरमुज की खाड़ी को बाधित करता है और लाल सागर में हूती द्वारा हमला करके उस क्षेत्र को डिस्टर्ब किया जाता है तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है। दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल होरमुज की खाड़ी से होकर गुजरता है। लेकिन भारत का 40 फीसदी तेल इस रास्ते से आता है। सोचें, अमेरिका के दबाव में भारत ने रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है। अब अगर खाड़ी से तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है तो भारत की मुश्किल बढ़ेगी। इससे भारत पर अमेरिका और वेनेजुएला से ज्यादा तेल खरीदने के दबाव बढ़ेगा। तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल संभव है। अभी यह 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया है और अगर जंग जारी रहती है तो यह एक सौ डॉलर प्रति बैरल तक या उससे ऊपर भी जा सकता है। इससे भारत के आयात बिल में बड़ी बढ़ोतरी होगी। इसका असर भारत की पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। भारत का चालू खाते का घाटा बढ़ेगा और पहले से दबाव झेल रहा रुपया और दबाव में आएगा। अगर सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी करती है तो उससे आम उपभोक्ताओं पर असर होगा और साथ ही परिवहन, उर्वरक, बिजली और विमानन सेवाओं की कीमतें बढ़ेंगी। अंततरू इसका बोझ भी जनता पर ही पड़ेगा। अगर महंगाई बढ़ती है तो उसका असर भारतीय रिजर्व बैंक की उदार ब्याज नीतियों पर भी पड़ेगा। केंद्रीय बैंक को सख्ती बरतनी होगी। अगर ब्याज दर बढ़ते हैं तो विकास दर में भी कमी आएगी। एक अनुमान के मुताबिक खाड़ी देशों में 90 लाख से एक करोड़ भारतीय नागरिक रहते हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और ओमान जैसे देशों में भारतीय समुदाय की बड़ी मौजूदगी है। बाहर से भारतीय पेशेवर जो रेमिटेंस यानी पैसा भेजते हैं उसका एक तिहाई से ज्यादा करीब 35 फीसदी हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। यह बड़ी रकम होती है, जिसका कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान होता है। अगर ईरान का युद्ध व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष में बदलता है, तो सभी खाड़ी देशों की सुरक्षा स्थिति प्रभावित हो सकती है। ध्यान रहे ईरान ने लगभग सभी खाड़ी देशों पर हमला शुरू कर दिया है। ऐसी स्थिति में भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी एक बड़ी कूटनीतिक और मानवीय चुनौती बन जाएगी। भारत ने यमन और यूक्रेन जैसे संकटों में बड़े पैमाने पर निकासी अभियान चलाए हैं, लेकिन खाड़ी क्षेत्र में संकट कहीं अधिक जटिल हो सकता है। रेमिटेंसेज में कमी आएगी, जिससे केरल और तेलंगाना से लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश तक में लाखों परिवार प्रभावित होंगे। ध्यान रखने की जरुरत है कि भारत का एक बड़ा हिस्सा समुद्री व्यापार के जरिए पश्चिम एशिया और यूरोप से जुड़ा है। युद्ध की स्थिति में इस रास्ते में व्यापार प्रभावित होगा, माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी, आपूर्ति शृंखला प्रभावित होगी और एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक शिपिंग बीमा महंगा होगा। इससे ऊर्जा के अलावा पेट्रोकेमिकल, फार्मा और इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात पर भी असर पड़ेगा। यदि समुद्री मार्गों में अस्थिरता बढ़ती है तो भारत को वैकल्पिक रास्तों और रणनीतियों पर तेजी से काम करना होगा। भारत ने ईरान में चाबहार बंदरगाह के विकास में बड़ा निवेश किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टेलीविजन इंटरव्यू में इसे बड़ी उपलब्धि बताते रहे हैं। इस बंदरगाह से भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच मिलती है और भारत को क्षेत्रीय संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का मौका मिलता है। युद्ध बढ़ने की स्थिति में यह परियोजना ठप पड़ सकती है, जिससे भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक योजनाएं प्रभावित होंगी। अगर यह क्षेत्र अस्थिर होता है तो चीन और अन्य शक्तियों को अपना असर बढ़ाने का मौका मिल सकता है। भारत के सामने आर्थिक व ऊर्जा सुरक्षा से ज्यादा बड़ी चुनौती कूटनीतिक है। ईरान निश्चित रूप से चीन और रूस के ज्यादा करीब है लेकिन भारत के संबंध ऐतिहासिक और ऊर्जा आधारित रहे हैं। दूसरी ओर इजराइल और अमेरिका के साथ भारत की रक्षा और रणनीतिक साझेदारी बेहद मजबूत है। ऐसे में भारत के लिए तटस्थ रहना और संतुलन बनाना आसान नहीं होगा। भारत मल्टी एलायनमेंट की नीति पर काम कर रहा है। ऐसे में वह दोनों पक्षों से युद्ध खत्म करने और शांति बनाने की अपील कर सकता है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच पर उसे एक स्पष्ट पोजिशन लेनी होगी। अगर एशिया में हो रहे सैन्य टकराव में भी भारत मूक दर्शक ही रहता है तो वह वैश्विक मंच पर एक मजबूत मैसेज देने का मौका गंवा देगा। युद्ध के बाद इस क्षेत्र में हो सकता है कि अमेरिका की सैन्य उपस्थिति बढ़े। साथ ही इस क्षेत्र में नया इराक बनने की संभावना भी दिख रही है, जिससे अस्थिरता बढ़ेगी और स्थायी रूप से तनाव बना रहेगा। ऐसी स्थिति में भारत को अपनी ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए खरीद में विविधता लाने पर गंभीरता से विचार करना होगा और वैकल्पिक व्यापार मार्गों की तलाश और विकास भी करना होगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत इदंरिया, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो / ग्रा0पं0वि0 / दिनांक – 01.04.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त / 16 वां केन्द्रीय वित्त आयोग / ग्राम स्वराज अभियान / मनरेगा / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्मिलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2026 से 11.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न दो बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 15.04.2026 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर मान्य होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम. / 42एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर / एसबेस्टर सीट,पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैर्क्स ब्लाक ईट / इण्टरलाकिंग ईट / जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट / विद्युत सामग्री / स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री / पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150एम.एम. 300एम.एम. 350एम.एम. 600एम.एम. 800एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | ढ़क्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार | | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी0 | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर,डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम से संबंधित सामग्री / इण्डिया मार्क–2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री / रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति धन मी0 | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | वाल पेटिंग व प्रचार–प्रसार | प्रति वर्ग मी0 | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड / पब्लिक अड्रेस सिस्टम,स्कूल के लिए डेक्स व बेंच। | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना–चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री। | | |
| 21 | हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रू0 के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति / निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान — अरूण कुमार

ग्राम पंचायत अधिकारी / सचिव — अमरेन्द्र प्रताप सिंह

## कार्यालय ग्राम पंचायत रंजीतपुर, विकास खण्ड–सिकरारा, जौनपुर

पत्रांक– मेमो / ग्रा0पं0वि0 / दिनांक – 01.04.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त / 16 वां केन्द्रीय वित्त आयोग / ग्राम स्वराज अभियान / मनरेगा / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्मिलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 04.04.2026 से 12.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न दो बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 13.04.2026 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर मान्य होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम. / 42एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर / एसबेस्टर सीट,पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैर्क्स ब्लाक ईट / इण्टरलाकिंग ईट / जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट / विद्युत सामग्री / स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री / पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150एम.एम. 300एम.एम. 350एम.एम. 600एम.एम. 800एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | ढ़क्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार | | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी0 | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर,डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम से संबंधित सामग्री / इण्डिया मार्क–2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री / रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति धन मी0 | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि | प्रति नग | |
सुल्तानपुर, (संवाददाता)। दूबेपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय अमहट परिसर में सत्र 2026–27 के स्कूल चलो अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह और मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय दूबेपुर के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं उघडपुर भटपुरा और तुराबखानी विद्यालयों के बच्चों ने अभियान पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर शिक्षा के महत्व को दर्शाया। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव है और हर बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विधायक विनोद सिंह ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए ऑपरेशन कायाकल्प के सकारात्मक बदलावों की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा के छात्रों का चयन नवोदय, छात्रवृत्ति और विद्या ज्ञान जैसी परीक्षाओं में हो रहा है, जो बेहतर बदलाव का संकेत है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ते हुए शत–प्रतिशत नामांकन का आह्वान किया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए रोचक शिक्षण पर बल दिया, जबकि जिला सूचना अधिकारी धीरेन्द्र यादव ने बालिका शिक्षा व विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।अभियान के पहले चरण (1 से 15 अप्रैल) में शिक्षक घर–घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में टीएलएम स्टॉल और विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया गया।

## संविदा परिचालक के 101 पदों पर 178 महिलाओं की दावेदारी

लखनऊ, (संवाददाता)। रोडवेज में संविदा पर महिला परिचालक की सीधी भर्ती के लिए बुधवार को सप्रू मार्ग स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। 101 पदों के लिए हुई भर्ती के लिए शाम पांच बजे तक 178 महिलाओं ने दावेदारी पेश की। एक सप्ताह में परिणाम घोषित होगा। तय योग्यता इंटरमीडियट पास और सीसीसी कम्प्यूटर प्रमाणपत्र की अनिवार्यता के कारण 50 से ज्यादा महिलाएं भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाईं। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि आवेदन करने वालों में से ज्यादातर महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों निगोहां, मोहनलालगंज, महमूदाबाद और हरदोई से हैं। चयनित होने पर इन्हें गृह जनपद में तैनाती मिलेगी। जिनके पास सीसीसी प्रमाणपत्र नहीं है वे यह कोर्स कर आगे दोबारा आवेदन कर सकती हैं।

## फूलवरिया मोड़ पर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर मकान से टकराई, चालक सहित दो घायल

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना मोहनलालगंज क्षेत्र में बुधवार तड़के एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर मकान से टकरा गई, जिससे चालक और परिचालक घायल हो गए, जबकि बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आईं।प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 01 अप्रैल 2026 को रात्रि लगभग 01रू30 बजे थाना मोहनलालगंज क्षेत्र के फूलवरिया मोड़ पर बस दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।प्रारंभिक जांच में पता चला कि स्लीपर बस संख्या छरू 07ठ0685 वाराणसी से प्रयागराज होते हुए जयपुर जा रही थी। फूलवरिया मोड़ के पास पहुंचने पर ज्योति नगर की ओर से अचानक एक ट्रक आ जाने पर बस चालक ने वाहन को बचाने के प्रयास में बस को दाहिनी ओर मोड़ दिया। इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर इस्लाम मोहम्मद के मकान से टकरा गई। दुर्घटना में मकान का गेट और दीवार क्षतिग्रस्त हो गए।हादसे में बस चालक विवेक चौहान (उम्र 42 वर्ष) निवासी कोतवाली इटावा गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका पैर टूटने के कारण उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

## फर्जी रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी करने वाला शातिर प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर धोखाधड़ी कर गलत जमीन की रजिस्ट्री कराने और लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप है।पुलिस के अनुसार दिनांक 28 जनवरी 2024 को वादी द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में मु0अ0सं0 0042ध्2024 धारा 419, 420, 406 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त ने डीएचएफएल बैंक कर्मियों की मिलीभगत से धोखाधड़ी करते हुए आवेदक को 13.50 लाख रुपये का लोन तथा 4.50 लाख रुपये नकद के माध्यम से गलत जमीन की रजिस्ट्री करा दी थी।विवेचना के दौरान 30 मार्च 2026 को पुलिस टीम वांछित अभियुक्त की तलाश में रवाना हुई।

## लखनऊ में पुलिस मुठभेड़ के बाद शराब कारोबारी से डकैती करने वाले 8 शातिर बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ, (संवाददाता)। क्राइम टीम और मदेयगंज थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शराब व्यवसायी से डकैती करने वाले गिरोह का सफल अनावरण करते हुए कुल 8 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो अभियुक्त पकड़े गए, जिनमें से एक के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने डकैती से संबंधित 4,99,493 रुपये की नकदी, अवैध असलहे, चाकू, लोहे की रॉड तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। घटना 25 मार्च 2026 की रात की है, जब काकोरी क्षेत्र निवासी हर्ष जायसवाल नामक व्यक्ति ने अज्ञात बदमाशों द्वारा उसकी मोटरसाइकिल रोककर चाकू से हमला करने और रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार होने की सूचना दी थी। इस मामले में मदेयगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए छह पुलिस टीमों का गठन किया गया था।31 मार्च 2026 को मदेयगंज पुलिस बंधा रोड रघुवंशी ढाल के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया और पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आलोक तिवारी उर्फ मुस्कान के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे और उसके साथी सुजीत सिंह उर्फ मगन को मौके पर गिरफ्तार कर लिया तथा घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से शराब कारोबारी के कलेक्शन एजेंट से चाकू और तमंचे की नोक पर डकैती करने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर काशीराम कॉलोनी, दुबग्गा स्थित एक फ्लैट पर दबिश देकर छह अन्य अभियुक्तोंकृनिर्भय तिवारी उर्फ नितिन तिवारी, को गिरफ्तार किया गया।

## 200 साल पुरानी विरासत जौनपुर का जकारिया परिवार सहेज रहा पारंपरिक इत्र उद्योग



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। यूपी के ऐतिहासिक शहर जौनपुर महर्षि यमदग्नि ऋषि तपोस्थली जौनपुर की पहचान केवल उसकी तहजीब और संस्कृति तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां का पारंपरिक इत्र उद्योग भी खास स्थान रखता है। इस विरासत को पिछले 200 से अधिक वर्षों से जकारिया परिवार सहेजता आ रहा है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1805 में हुई थी। आज इस परंपरा को सातवीं पीढ़ी के रूप में आगे बढ़ा रहे। परिवार के प्रतिनिधि इस समय इस अनूठे व्यवसाय की जिम्मेदारी संभाल रहे मोहम्मद मुस्तफा जकारिया ने शुक्रवार को देश की उपासना ब्यूरो प्रमुख से बात करते हुए कहा है कि इत्र बनाना उनके लिए केवल रोजगार नहीं, बल्कि उनकी पहचान और विरासत है। जौनपुर में तैयार होने वाला इत्र अपनी शुद्धता और गुणवत्ता के कारण देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी काफी पसंद किया जाता है। जकारिया परिवार आज भी इत्र निर्माण में पारंपरिक तरीकों को ही प्राथमिकता देता है। गुलाब, केवड़ा, चमेली और खस जैसे प्राकृतिक फूलों से आसवन (डिस्टिलेशन) प्रक्रिया के जरिए इत्र तैयार किया जाता है। इस प्रक्रिया में समय और मेहनत दोनों अधिक लगते हैं, लेकिन यही इसकी खासियत भी है, जिससे इत्र की खुशबू लंबे समय तक बनी रहती है। मुस्तफा जकारिया ने बताया कि बदलते समय के साथ सोशल मीडिया ने उनके व्यवसाय को नई दिशा दी है। अब ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार तुरंत इत्र बनवाकर ले जाते हैं। इससे कारोबार को बढ़ावा मिला है और नए ग्राहकों तक पहुंच आसान हुई है। हालांकि, उन्होंने सरकार से इस पारंपरिक उद्योग को बढ़ावा देने की मांग भी की है, ताकि इस कला से जुड़े लोग और अधिक सक्रिय हो सकें। जौनपुर का यह इत्र उद्योग आज भी अपनी पुरानी परंपराओं और गुणवत्ता के बल पर एक अलग पहचान बनाए हुए है। सरकार से मांग है कि जिस प्रकार उन्होंने जनपद की चर्चित इमरती को बढ़ावा दिया है उसी प्रकार इत्र पर ध्यान दें जिससे इस कौशल के द्वारा लोगों रोजगार भी प्राप्त हो सके।

## वर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने की कोशिश कर रही सरकार : एमएलसी लालबिहारी यादव

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित सरायख्वाजा क्षेत्र के जंगीपुर कला स्थित रघुवर गंगा स्मारक बालिका विद्यालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक एमएलसी और समाजवादी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष लालबिहारी यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में कार्य कर रही है और शिक्षकों व युवाओं की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। लालबिहारी यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली और वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, घोटाले और अपराध बढ़े हैं, जबकि कई विभागों में पद खाली पड़े हैं, जिन्हें भरने में सरकार रुचि नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि बीएड, बीटीसी, पीएचडी, नेट और जेआरएफ जैसी उच्च योग्यताएं रखने के बावजूद युवा बेरोजगार हैं और परिवार चलाना उनके लिए मुश्किल हो गया है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पेपर लीक की घटनाएं बढ़ रही हैं और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। सपा संगठन पर भी टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के कई नेता जमीनी स्तर पर काम करने के बजाय सोशल मीडिया तक सीमित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी दिखावे की राजनीति में उलझी हुई है और केवल फोटो खिंचवाकर व्हाट्सएप व फेसबुक पर सक्रिय रहना ही राजनीति मान रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांवों में जाकर गरीबों और जरूरतमंदों के बीच काम करें और पार्टी को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को साथ लेकर चलना जरूरी है। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया और शिक्षकों ने अपनी समस्याएं रखीं। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र यादव ने किया। इस मौके पर डॉ. जगन्नाथ प्रसाद यादव, राजदेव यादव, मंगरूराम मौर्य, जयहिंद यादव, उदयराज विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं 15 अप्रैल से प्रस्तावित : डॉ विनोद कुमार सिंह

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर सत्र 2025–26 की परीक्षाओं को 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ करने का प्रस्ताव जारी किया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यालय पत्र जारी कर सभी विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों तथा संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के निर्देश पर आगामी परीक्षाओं को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं।इस संबंध में शुक्रवार को जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। यदि किसी छात्र के दो पेपर एक ही दिन निर्धारित हो गए हों या परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार की असुविधा अथवा आपत्ति हो, तो उसे 6 अप्रैल 2026 तक ई–मेल के माध्यम से examcontroller18219/हउंपस. बवउ पर भेजना सुनिश्चित करें। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार बीए, बीएससी एवं बीकॉम द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 अप्रैल से 12 मई 2026 तक आयोजित होंगी, जबकि षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 अप्रैल से 20 मई 2026 तक चलेंगी। वहीं एमए, एमएससी एवं एमकॉम अष्टम और दशम सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रस्तावित की गई हैं।

## नवीन सत्र पर प्राथमिक विद्यालय कुल्हनमऊ खास में अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर प्राथमिक विद्यालय कुल्हनमऊ खास में 2 अप्रैल 2026 को अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्रा रहे। उन्होंने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया और मौके पर ही कुछ नए छात्रों का नामांकन भी कराया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र–छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के हाथों प्रत्येक कक्षा के मेधावी छात्रों को उनका परीक्षा परिणाम और मेडल देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में कृष्ण कुमार मिश्रा ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराएं और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

इस अवसर पर ग्राम वार्ड सदस्य वीरेंद्र यादव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनंत यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सक्रिय अभिभावकों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रीति राय के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाया। शिक्षिकाएं सिंधुजा श्रीवास्तव, नीलम चौहान, अर्चना यादव, शिक्षक रामकृष्ण यादव तथा संचालन कर रहीं विभा पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में एसएमसी सदस्यों, रसोइयों और बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। अंत में मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

## जौनपुर में बदला मौसम का मिजाज, बारिश और तेज हवाओं से किसानों की बढ़ी चिंता

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर।यूपी के जौनपुर में शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली। सुबह जहां तेज धूप खिली हुई थी, वहीं दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए और शहर समेत जिले के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश भी हुई है। धूल भरी आधी के कारण घंटी आवागमन प्रभावित रहा।लोग सड़को के किनारे खड़े होकर आंधी का बंद होने का इंतजार करते रहे।इस अप्रत्याशित बदलाव ने आमजन को राहत तो दी, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अचानक आई नमी और तापमान में उतार–चढ़ाव का सीधा असर रबी की फसलों पर पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बारिश तेज होती है या ओलावृष्टि होती है, तो खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों, चना और अरहर की फसल को भारी नुकसान हो सकता है। कृषि वैज्ञानिक सुरेश कन्नौजिया ने किसानों को चेतावनी दी है कि इस तरह के मौसम में फसलों में फाइटॉफ्थोरा (फफूंद जनित रोग) का खतरा बढ़ जाता है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। वहीं, खेतों के साथ–साथ खलिहानों में रखी फसलें भी सुरक्षित नहीं हैं। सरसों, मटर, अगेती चना और मसूर जैसी फसलें खुले में मड़ाई के लिए रखी गई हैं, जिनके भीगने से गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर असर पड़ सकता है।

बरसठी के किसान रमेश चंद्र और नेवढ़िया के उमाशंकर तिवारी ने बताया कि इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन अचानक बदले मौसम ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। फिलहाल, मौसम के इस बदले मिजाज ने किसानों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर दिया है।

## डीएम ने रामपुर में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का किया निरीक्षण, समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर। यूपी के जौनपुर में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने शुक्रवार को नगर पंचायत रामपुर स्थित एसपीएस कंप्यूटर सेंटर पर आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर किसानों के रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में कृषक के नाम, पिता के नाम तथा खतौनी में दर्ज विवरण में अंतर होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री में दिक्कतें आ रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी और लेखपालों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों को खतौनी में संशोधन कर जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और रजिस्ट्री कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके। जिलाधिकारी ने रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी लाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्याम अनुज पांडे को जिलाधिकारी द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं, नायब तहसीलदार संदीप सिंह, कृषि विशेषज्ञ जय प्रकाश गुप्ता तथा लेखपालों की टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम में लेखपाल विपिन यादव, रतन बहादुर यादव, मिथिलेश कुमार, श्याम कार्तिक, अवधेश कुमार, डॉ. संतोष पांडेय सहित ग्राम प्रधान राघोरामपट्टी मुरलीधर मिश्रा, अमित सिंह, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सपा केवल वोट बैंक की राजनीति कर रही है पीडीए की बात सिर्फ दिखावे के लिए करती हैरू ओम प्रकाश राजभर

### जौनपुर में ओमप्रकाश राजभर का अखिलेश यादव पर हमला, सपा और पीडीए राजनीति पर उठाए सवाल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। यूपी के जौनपुर एक निजी कार्यक्रम में शुक्रवार को भाग लेने पहुंचे सुहेल देव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने डाक बगले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा में शामिल मुस्लिम नेताओं में इतनी क्षमता नहीं है कि वे अखिलेश यादव से यह कह सकें कि अगली बार किसी मुस्लिम को मुख्यमंत्री बनाया जाए। राजभर ने आरोप लगाया कि सपा की राजनीति विरोधाभासों से भरी है। उन्होंने कहा कि "मारने वाले और मार खाने वाले एक ही दल में शामिल हो गए हैं", जिससे पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल चुनावी मुद्रा में आ चुके हैं, लेकिन सपा की रणनीति कमजोर दिखाई दे रही है। दादरी को लेकर उन्होंने अखिलेश यादव के निर्णय पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने गलत जगह का चयन किया। राजभर के अनुसार, अखिलेश यादव के शासनकाल में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कार्रवाई हुई थी, जिससे आज भी नाराजगी बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस वर्ग को जोड़ने के लिए अखिलेश प्रयास कर रहे हैं, वहां भी उन्हें अपेक्षित समर्थन नहीं मिल रहा है। धार्मिक मुद्दों पर टिप्पणी करते हुए राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव कभी मस्जिद में नमाज पढ़ते नजर आते हैं, लेकिन राम मंदिर दर्शन के लिए नहीं जाते और मथुरा जाने से भी बचते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा केवल वोट बैंक की राजनीति कर रही है और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की बात सिर्फ दिखावे के लिए करती है। राजभर ने यह भी कहा कि सपा सरकार के दौरान आरक्षण को नुकसान पहुंचाया गया



और महापुरुषों के नाम पर चल रही योजनाओं को बंद किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा अब न दलितों, न पिछड़ों और न ही मुसलमानों का भरोसा जीत पा रही है। साथ ही राजभर ने कहा कि जनता अब जागरूक हो चुकी है और आने वाले चुनाव में सही निर्णय लेगी।

## भाजपा जौनपुर ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की, संगठन को मजबूत करने पर जोर

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,03 अप्रैल । यूपी के जौनपुर में बीजेपी जौनपुर इकाई ने संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को नई जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। यह घोषणा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन और स्वीकृति के बाद की गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने जिला कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया। नवगठित टीम में अनुभवी, कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है, जो संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और सक्रियता के लिए जाने जाते हैं। जिलाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी का मूल मंत्र "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" ही कार्यप्रणाली का आधार रहेगा और इसी के तहत जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने बताया कि नई कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष के रूप में पंकज मिश्रा, राज पटेल, परविंद चौहान, अमित श्रीवास्तव, विनय सिंह, अजय सरोज, नीरज मौर्य और श्रीमती पुष्पा निषाद को जिम्मेदारी दी गई है। जिला महामंत्री के रूप में पीयूष गुप्ता, संदीप तिवारी और अजय सिंह को नियुक्त किया गया है। जिला मंत्री पद पर संतोष मिश्रा, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्रा, डॉ. देवी प्रसाद सिंह, श्रीमती अंशू, नीरज मौर्य, राजेश गुप्ता, सुधांशु सिंह और विकास शर्मा को शामिल किया गया है। वहीं, श्रीमती रीता जायसवाल को जिला कोषाध्यक्ष तथा नारायण दास चौरसिया को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा दीपक सिंह (मांटो) को जिला कार्यालय मंत्री, घनश्याम यादव को सह मंत्री, आमोद सिंह को जिला मीडिया प्रभारी और डॉ. अमरनाथ पांडेय व विशाल गौतम को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। आईटी और सोशल मीडिया टीम में भी कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बताया कि इस घोषणा से संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और कार्यकर्ता अधिक उत्साह के साथ पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# खिलौने वाली पिस्टल दिखाकर सर्राफा की दुकान से गहनों की लूट करनें वाली महिला व उसका साथी गिरफ्तार



(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। थाना रुदौली क्षेत्र के ज्वेलर्स की दुकान से खिलौने की पिस्टल दिखाकर गहनों की लूट करने वाली महिला व उसके दूसरे साथी को पुलिस ने कुछ ही घंटे में गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया।पुलिस ने इन अभियुक्तों के पास से चोरी के आभूषण भी बरामद किया।इस संबंध में पुलिस लाइन स्थित अपने कार्यालय में एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने जानकारी दिया पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि थाना रुदौली कस्बा के कोठी बाजार स्थित अग्रवाल परिसर में महेश ज्वेलर्स के यहां गुरुवार को करीब 12:30 बजे दोपहर एक नकाब पोश महिला गहने खरीदने के बहाने आयी थी और हार व चौन पसन्द कर रही थी।उसी दौरान मौका पाकर हार व चेन को हाथ में लेकर एंव खिलौने वाली पिस्तौल दिखाकर दुकान से भाग गई।दुकानदार के पीछा करने पर आगे खड़ी मोटरसाइकिल पर बैठ कर भाग जाने की घटना हुई थी।घटना की जानकारी होते ही टीमे गठित कर घटना के अनावरण का प्रयास किया गया। बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कैमरों एंव रुदौली पुलिस टीम के अथक प्रयास से मात्र 02 घण्टे के भीतर घटना का सफल खुलासा हुआ।बताया कि घटना करने वाली नकाबपोश महिला व उसके साथी राहुल कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी पूरे प्रान नेवरा थाना मवई को चोरी के आभूषण, व मोटरसाइकिल चालक उसके साथी को घटना में प्रयुक्त बाइक, मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। इस घटना का खुलासा करने में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुदौली संजय मौर्य निरीक्षक संतोष यादव, उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह चौकी प्रभारी किला उप निरीक्षक दयाराम, महिला उप निरीक्षक स्तुति गुप्ता, सहित अन्य पुलिस कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# हनुमान के बिना रहती है राम कथा अधूरी – शिवम् शुक्ला



(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। चौबेपुर में हो रही श्री राम कथा को अमृत वर्षा के सातवें दिन भारी भीड़ रही।हनुमान जयंती पर विस्तृत व्याख्यान करते हुए अंतराष्ट्रीय कथावाचक कथा व्यास शिवम शुक्ला ने कहा हनुमान के बिना राम की कथा हो ही नहीं सकती। हनुमान के चरित्र से शिक्षा लेना चाहिए। जिससे उनकी अनुकूलता मिलती है।थाना क्षेत्र हैदरगंज के ग्राम पंचायत मलावन की चौबेपुर गांव में चौत्र राम नवमी से संगीतमयी में श्री राम कथा की अमृत वर्षा इंजीनियर रोहित चौबे की संयोजन में चल रही है। कथा यजमान के रूप में अंतिमा चौबे व अशोक कुमार चौबे हैं ।व्यवस्थापक के रूप में राहुल कुमार, राज नारायण नीरज शास्त्री की टीम पूरी मेहनत के साथ लगी है । कथा व्यास शिवम शुक्ला ने हनुमान जी की महिमा का जन्मोत्सव के अवसर पर विस्तृत वर्णन करते हुए कई उदाहरण देकर लोगों को उनकी महिमा कार्य क्षमता का वर्णन करते हुए कहा हनुमान जी इसलिए नहीं महान बने महान बनने के पीछे कई कारण हैं। उन्होंने सुग्रीव ,भालू बंदर, सीता ,लक्ष्मण ,भरत की प्राण रक्षा की। इसलिए रक्षक माने जाते हैं । उनके धार्मिक परोपकारी चरित्र से शिक्षा ग्रहण करना चाहिए । कथा की अंतिम दिवस श्रोता के रूप में विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज की पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, भाजपा नेता महेंद्र मिश्रा,मंडल अध्यक्ष केके तिवारी ,जिला पंचायत सदस्य उदित सराफ ,रामसवरूप फैजाबादी, राजकुमार पांडे, भास्कर तिवारी , सुनील भारती सहित क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा सैकड़ो गणमान्य नागरिकों के साथ महिला पुरुष उपस्थित रहे ।जो संगीतमयी श्री राम कथा का रसपान किया ।संयोजक श्री चौबे ने बताया 4 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन है ।जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# सेवानिवृत्ति होने पर वरिष्ठ प्रवक्ता व अन्य कर्मी को किया गया सम्मानित



(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय एम०एल०एम०एल० इंटर कॉलेज में वरिष्ठ प्रवक्ता दान बहादुर सिंह व दफ्तरी रामभवन की सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन भव्यता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य जीतेन्द्र कुमार राव एवं संचालन विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता आशुतोष प्रकाश सिंह ने किया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अपने–अपने विचार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं कर्मचारी द्वय का पुष्प गुच्छ, 11 किलो की माला, अंगवस्त्र, श्रीरामलला की दिव्य प्रतिमा, रामायण, भागवत गीता, उच्च कोटि का ट्राली सूटकेस, रूल इत्यादि भेंटकर स्वागत विदाई सम्मान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र कुमार राव जी ने कहा कि श्री दान बहादुर सिंह जी जैसा कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, गंभीर व्यक्तित्व के धनी शिक्षक रहे हैं विद्यालय के प्रति उनका योगदान सराहनीय है और विद्यालय के दफ्तरी रामभवन की कर्मठता, सजगता, अनुशासित एवं सरल जीवन उनकी पहचान रही है, जिन्हें हमेशा याद किया जाएगा। विद्यालय के उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं कर्मचारी के सम्मान में अपने–अपने उद्गार व्यक्त किए। सेवानिवृत्ति प्रवक्ता दान बहादुर सिंह जी ने विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार के भव्य आयोजन से अभिभूत होकर अपने 35 वर्ष की सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए सबका बहुत–बहुत आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुरेश कुमार, रवीन्द्र गुप्ता, ज्ञानेश द्विवेदी, मृत्युंजय सिंह, अमरनाथ सिंह राजेश कुमार पाण्डेय, प्रभाकर सिंह, रामललन, अमित चौधरी, हरि नारायण ओझा, परमात्मा प्रसाद, बलराम, कमलेश सिंह यादव, राजन चतुर्वेदी, नागेन्द्र सिंह, रामधनी, सत्य प्रकाश, दयाराम, अवनीश वर्मा, विजय बहादुर, प्रदीप कुमार तिवारी, इंद्रजीत विश्वकर्मा, अम्बुज मालवीय, सुश्री रश्मि शुक्ला, प्रभाकर वर्मा, विनीत आशीष एनसन, इन्द्र कुमार वर्मा, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अमित कुमार पाण्डेय, शनि कुमार, राम किशोर तिवारी, श्रीमती संध्या तिवारी, पुलकित राज, डॉ० बाल मुकुंद सिंह, श्रीमती ऐश्वर्या त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, अमिताभ श्रीवास्तव, किशन कुमार, अवधेश मिश्र, सियाराम, अक्षत पाण्डेय, अरविंद कुमार, बृजकिशोर, मुन्नीलाल, मो० साबिर, अविनाश कुमार पाण्डेय, सुखराम, शिव नरायन सिंह, मनोज कुमार शुक्ल, दयानंद, विनय कुमार सिंह, अजीत कुमार चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# एनडी यूनिवर्सिटी में बेडशीट के फंदे से लटका मिला बीएससी के छात्र का शव,अंदर से बंद था दरवाजा

(राजन तिवारी सिटी रिपोर्टर)

अयोध्या।कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के छात्रावास में एक छात्र का शव बेडशीट के फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।गोंडा जिले के वजीरगंज का रहने वाला अनिल तिवारी (22 वर्ष) कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष का छात्र था।वह अमरावती छात्रावास में रहता था। गुरुवार को वह छात्रावास के अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। मामले की जानकारी दोपहर हुई। जब पार्सल देने डिलीवरी ब्वाय अनिल उसके कमरे पर पहुंचा और दरवाजा बंद मिला। बार–बार आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उसने आसपास के छात्रों को सूचित किया। कमरे का सामान बिखरा मिला है।अनिल तिवारी छात्रावास के कमरा नंबर नौ में अपने दो साथियों–हर्षित जायसवाल और विपिन देव पाण्डेय–के साथ रहता था। बुधवार की रात उसके दोनों साथी किसी अन्य छात्र के कमरे में चले गए थे और फिर सुबह वहीं से मेस में भोजन करने के बाद परीक्षा देने चले गए। अनिल कमरे में अकेला था। सूचना पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डी. नियोगी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. रुद्र प्रताप सिंह,एसडीएम सुधीर कुमार,सीओ अजय कुमार सिंह और तहसीलदारमौके पर पहुंचे। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम बुला साक्ष्य एकत्र कराया गया है। जानकारी पर मृतक के माता–पिता और मामा भी पहुंच गए प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेंद्र मणि तिवारी ने बताया कि सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होगी।

# मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद दुग्ध विकास आयुक्त ने किया गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण



(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं भूसा बैंक स्थापना से संबंधित मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक दुग्ध विकास आयुक्त धनलक्ष्मी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।उसके बाद को आश्रय स्थलों का निरीक्षण भी किया।बैठक में निराश्रित गोवंश के संरक्षण, गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं तथा उनके नियमित निरीक्षण की गहन समीक्षा की गई। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गोआश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा निरीक्षण के दौरान भूसा, चारा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल एवं गोवंश के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।यह भी निर्देश दिए गए कि प्रत्येक गोआश्रय स्थल पर स्पष्ट नाम पट्ट स्थापित किया जाए तथा केयरटेकर एवं गो–सेवकों की ड्यूटी का समयबद्ध निर्धारण स्पष्ट रूप से किया जाए।मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत गोवंश के सत्यापन एवं फंड रिक्वेस्ट की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में भूसा एवं हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। सभी जनपदों को निर्देशित किया गया कि भूसा एवं साइलेज के टेंडर समय से पूर्ण कराए जाएं तथा दरें अनावश्यक रूप से अधिक न हों। साथ ही, नेपियर घास के अधिक उत्पादन के लिए गोचर भूमि का उपयोग करने के निर्देश दिए गए, जिससे वर्षभर पौष्टिक हरा चारा उपलब्ध हो सके।गोआश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं उनकी निगरानी हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। जिन जनपदों में अभी तक यह व्यवस्था नहीं है, वहां शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की इस प्राथमिकता वाली योजना में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा सभी निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन,अपर निदेशक पशुपालन विभाग तथा अयोध्या मंडल के सभी मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड साहिब पहुंचे लक्ष्मी प्रपन्नाचार्य जीयर स्वामी, गुरुओं को किया नमन



(राजन तिवारी सिटी रिपोर्टर)

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड साहिब में आयोजित कार्यक्रम में लक्ष्मी प्रपन्नाचार्य जीयर स्वामी ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं को नमन करते हुए उनके बलिदान और आदर्शों को स्मरण किया।स्वामी जी ने विशेष रूप से सिख धर्म के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के महान बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि "तिलक जनेऊ राखा प्रभ ता का" उक्ति उनके उस अद्वितीय त्याग का प्रतीक है, जब उन्होंने औरंगजेब के शासनकाल में कश्मीरी पंडितों के धर्म और आस्था की रक्षा के लिए दिल्ली के चांदनी चौक में अपने प्राणों की आहुति दी थी। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड साहिब का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है, जहां सिख धर्म के तीन प्रमुख गुरुकुगुरु नानक देव जी, गुरु तेग बहादुर जी और गुरु गोविंद सिंह जी का आगमन हुआ था।गुरुद्वारा के ज्ञानी गुरजीत सिंह जी ने स्वामी जी के आगमन को सौभाग्य बताते हुए कहा कि सिख धर्म सदैव सनातन धर्म की रक्षा के लिए खड़ा रहा है और इसके लिए अनेक बलिदान दिए गए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राम मंदिर आंदोलन में भी गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड साहिब की अहम भूमिका रही है।इस अवसर पर ज्ञानी चरणजीत सिंह, पूर्व सभासद गुरबीर सिंह सोढ़ी, सुखबीर सिंह, अमन विक्रम सिंह, अगमप्रीत सिंह, हरि विक्रम सिंह, मीडिया प्रभारी अंकुर पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अयोध्या मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शनिवार से




(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के अयोध्या मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा गुरुवार की रात को हुई। इसके बाद सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत पार्टी कार्यालय में आगामी प्रशिक्षण वर्ग को लेकर योजना बैठक भी आयोजित हुई।भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रामसेवकपुरम, अयोध्या के निकट स्थित विवेक सृष्टि परिसर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र शनिवार को अपराह्न 2:30 बजे प्रारंभ होगा तथा रविवार को दोपहर 2 बजे इसका समापन होगा। प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विषयों पर संगठन के बारे में बताने के लिए प्रमुख वक्ताओं के रूप में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, हर्षवर्धन सिंह एवं डॉ. विवेक सिंह 'मोनू' उपस्थित रहेंगे।महानगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ होता है। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के मूल मंत्र से अवगत कराया जाता है। प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, वर्ग अधिकारी व महानगर उपाध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, वर्ग अभियान के सह संयोजक तिलक राम मौर्या, अश्वनी गुप्ता, रामभजन वर्मा, रवि शर्मा, प्रवीण दूबे, प्रदीप यादव, शिवम शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल, भृगुनाथ सिंह, रामजस मांझी, राजेश मिश्रा, आशीष सिंह, मनीष चौधरी, सत्येन्द्र पाण्डेय, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, चंदा सिंह, बबिता मौर्या, अजय गौड़, यदुनाथ यादव एवं प्रद्युम्न वैश्य मौजूद रहे।

# चेक बाउंस मामले में दोषी को डेढ़ वर्ष का कारावास व दस लाख का अर्थदंड

(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम योगिता कुमार की अदालत ने छः लाख रुपये चेक बाउंस मामले में दोषी पाए जाने पर मनोजधर को एक वर्ष छः माह के साधारण कारावास और दस लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। थाना कुमारगंज के बाजार निवासी विनय कुमार गुप्ता ने अपने अधिवक्ता सतीश पांडेय के माध्यम से अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत परिवाद दाखिल किया। दायर परिवाद में परिवादी ने कहा गया है कि उन्होंने विपक्षी मनोज धर दुबे निवासी शिवनाथपुर थाना कुमारगंज को प्लॉट खरीदने हेतु 6 लाख रुपये बैंक खाते (आदित्य ट्रेडर्स) में दिए थे। आरोपी ने वादी को आश्वासन दिया था कि वह तय समय में प्लॉट का रजिस्ट्रेशन करा देगा। परंतु काफी समय बीतने के बाद भी मनोज धर दुबे ने न तो प्लॉट दिया और न ही पैसा लौटाया। जब वादी ने अपने रुपये की मांग की, तो आरोपी टालमटोल करता रहा। दबाव डालने पर सात जनवरी 2019 को धनराशि की वापसी का चेक दिया, परिवादी ने बैंक में 17 जनवरी 2019 और सात मार्च 2019 को दो बार बैंक में प्रस्तुत किया। खाते में धनराशि न होने के कारण दोनों बार चेक बाउंस हो गया।सभी पक्षों की दलीलों को सुनने और अभिलेखों की जांच के पश्चात अदालत ने 25 मार्च 2026 को आरोपी मनोज धर दुबे को दोषी करार देते हुए डेढ़ वर्ष के कारावास और छः लाख रुपए चेक की धनराशि सहित 10 लाख रुपये अर्थदंड से दण्डित किया। जो बतौर क्षतिपूर्ति परिवादी को देय होंगे।

# शहीद राजकुमार यादव की प्रतिमा का हुआ अनावरण

(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।रानोपाली स्थित आवास पर शहीद राजकुमार यादव की प्रतिमा का अनावरण किया गया।कार्यक्रम में आईजी सीआरपीएफ अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।बताते चले कि शहीद राजकुमार यादव 3 अप्रैल 2021 को नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे।उनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर सीआरपीएफ जवानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम मे आईजी अनिल कुमार ने कहा कि यह क्षण बेहद भावुक है और शहीद का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।इस मौके पर शहीद की पत्नी ज्ञानमती इस दौरान भावुक नजर आई।वही ज्ञानमती ने सरकार पर परिवार के किसी सदस्य को नौकरी न देने का आरोप लगाया।समाजवादी पार्टी के नेता पवन पांडे भी मौके पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और सीआरपीएफ के जवान उपस्थित रहे।

# सिर चढ़कर बोला ऋषभ पंत का जादू, मैच एकतरफा होते ही स्टेडियम हुआ खाली

लखनऊ, (संवाददाता)। आईपीएल के नए सत्र के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स (एलए सजी) ने अपने लोगो में बड़ा बदलाव करते हुए हाथी को उसमें शामिल किया। खिलाड़ियों की ड्रेस भी बदल दी गई। नए लोगो और ड्रेस के साथ अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में एलएसजी का पहला मुकाबला बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ हुआ जिसके लोगो में बाघ है। हालांकि, इस मुकाबले में हाथी को बाघ की दहाड़ के आगे ठिठकना पड़ा। मैदान पर प्रतिद्वंद्विता की लकीरें खिंची थीं, लेकिन इकाना स्टेडियम की फिजा कुछ और ही बयां कर रही थी। बुधवार को लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच मुकाबला सिर्फ रनों और विकेटों का नहीं, बल्कि क्रिकेट प्रेम के उफान का बन गया। इकाना स्टेडियम के भीतर और बाहर का नजारा गवाह था कि क्रिकेट के प्रति दीवानगी जीत–हार के गणित से कहीं ऊपर है। लखनऊ की तमीज और तहजीब खेल के मैदान पर भी बखूबी निखरी। स्टेडियम के बाहर एक प्रशंसक ने अपने चेहरे पर एलएसजी और डीसी, दोनों के नाम लिखवा रखे थे। वहीं, तिरंगे के रंगों में रंगा एक नन्हा प्रशंसक भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस छोटे नवाब ने अपने एक गाल पर एलएसजी और दूसरे पर डीसी लिखवाकर मेहमान टीम का स्वागत किया। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के प्रति लखनऊ का प्रेम देखते ही बना। दर्शक दीर्घा में सफेद कपड़ों में खड़े एक प्रशंसक ने सबका ध्यान खींचा। उसके हाथ में पंत के लिए एक भावुक पोस्टर था। पोस्टर पर लिखा था कि एक झलक देख लें तुझको, चले जाएंगे, यहां कौन उम्र बिताने आया है। पंत का विकेट जल्दी गिरने के बावजूद फैंस का उत्साह कम नहीं हुआ। हर चौके–छक्के पर दर्शक दीर्घा में थिरकते कदम और गूंजता संगीत यह बता रहा था कि दर्शक यहां सिर्फ नतीजा देखने नहीं, बल्कि क्रिकेट का जश्न मनाने आए हैं। लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच इस सत्र के पहले आईपीएल मुकाबले में ऋषभ पंत एंड कंपनी का जादू सिर चढ़कर बोला। पूरा स्टेडियम एलएसजी की नई लाल रंग की जर्सी से सराबोर दिखा। मानो लखनऊ की सड़कों से लेकर स्टैंड्स तक लाल रंग का सैलाब उमड़ पड़ा हो। हजारों प्रशंसकों ने नई जर्सी पहनकर सुपरजायंट्स के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इसमें पंत के नाम वाली जर्सी सर्वाधिक बिकीं। टॉस के बाद जैसे ही यह साफ हुआ कि एलएसजी पहले बल्लेबाजी करेगी, पूरा स्टेडियम 'एलएसजी एलएसजी' के शोर से गूंज उठा।

# प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री लागू करने के निर्देश, हर ग्राम पंचायत में विशेष शिविर लगाने पर जोर

लखनऊ, (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। इसके अंतर्गत कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है, जिससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त हो सके।उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए और पात्रता का सत्यापन सुगम हो सके।मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समयसीमा में तैयार करे तथा विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए, जिससे लाभार्थियों के चयन और लाभ वितरण की प्रक्रिया को डिजिटल एवं एकीकृत रूप में संचालित किया जा सके।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग भी अपनी योजनाओं में किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी करें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू की जा सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी। इससे संसाधनों का लक्षित उपयोग संभव होगा तथा विशेष परिस्थितियों में आवश्यक कृषि इनपुट का वितरण अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक **देश की उपासना**

**स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक**

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

**मो0 - 7007415808, 9415034002**

**Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com**

**समाचार-पत्र से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।**